कार्यालय नगर परिषद कानड़, जिलाआगर–मालवा (म.प्र.)

ई–मेल पता :–cmokanad@mpurban.gov.in

कार्यालय फोननम्बर :–07362–251426

क्र./न.पा./2022/232

प्रति,

कानड़, दिनांक 02/02/2022

श्रीमान संयुक्त संचालक महोदय,
नगरीय प्रशासन एंव विकास
उज्जैन संभाग उज्जैन

विषयः–   गौरव दिवस की विस्तृत जानकारी के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि नगरीय क्षेत्र कानड़ अंतर्गत गौरव दिवस की प्रस्तावित दिनांक 30.03.2022 को निर्धारित की गई है।

यह कि गौरव दिवस के निर्धारण का आधार मंहत प्रेम भारती का जन्म दिवस पर मनाया जाना प्रस्तावित किया गया है। मंहत प्रेम भारती का जन्म 30 मार्च को हुआ था। इनके द्वारा सामाजिक क्षेत्र में विशेष रूप से बाल विवाह एवं पर्दा प्रथा के विरोध में उल्लेखनीय योगदान दिया साथ ही कानड़ के विभिन्न मंदिरो के निर्माण एवंज जीर्ण उत्थान, श्रमदान एवं पौधारोपण तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना, जैसे– अभियान चलाए तथा उसमें महती भूमिका निभाई।

प्रभारी मंत्री जी के अनुमोदन की स्थिति वर्तमान में प्रस्तावित है।श्रीमान की ओर सूचना सादर प्रेषित।

02/02/22

मुख्य नगरपालिकाअधिकारी
नगरपरिषदकानड
जिलाआगर–मालवा

क्रमांक/न.प./2022/233

कानड़,दिनांक :– 02/02/2022

प्रतिलिपिः–

(1) श्रीमान परियोजना अधिकारी महोदय, जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला आगर–मालवा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

02/02/22

मुख्य नगरपालिकाअधिकारी
नगरपरिषदकानड
जिलाआगर–मालवा

CamScanner

कार्यालय नगर परिषद कानड़, जिलाआगर–मालवा (म.प्र.)

ई–मेल पता :–cmokanad@mpurban.gov.in कार्यालय फोननम्बर :–07362 – 251426

क्र. / न.पा. / 2022 /12 कानड़, दिनांक 15/2/22

प्रशासक संकल्प क्र......64....
दिनांक....10/02/2022

विषयः– नगर गौरव दिवस निर्धारित कर आयोजन करने के संबंध में।

प्रकरण प्रस्तुत हुआ। प्रकरण का अवलोकन किया गया मध्यप्रदेश शासन का क्रमांक 74 / 2021 / 18–1 / 1461 भोपाल दिनांक 07 जनवरी 2022 प्राप्त हुआ। जिसमें बताया गया है कि राज्य का प्रत्येक नगर अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है।स्थानीय नागरिको में आत्म गौरव की भावना को निर्मित करने तथा शहर से लगाव बढ़ाने के लिए स्थानीय जानकारी होना अनिवार्य है।जिससे पीढ़ी दर पीढ़ी सांस्कृतिक विरासत का हस्तांतरण हो सकें। इस हेतु राज्य स्तर पर वर्ष में एक दिन उस शहर के लिए नगर गौरव दिवस आयोजित करने आदेश प्राप्त हुए।

नगर गौरव दिवस के निर्धारण का आधार मंहत प्रेम भारती का जन्म दिवस पर मनाया जाना प्रस्तावित किया गया है। मंहत प्रेम भारती का जन्म 30 मार्च को हुआ था। इनके द्वारा सामाजिक क्षेत्र में विशेष रूप से बाल विवाह एवं पर्दा प्रथा के विरोध में उल्लेखनीय योगदान दिया साथ ही कानड़ के विभिन्न मंदिरो के निर्माण एवंज जीर्ण उत्थान, श्रमदान एवं पौधारोपण तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना, जैसे– अभियान चलाए तथा उसमें महती भूमिका निभाई।

30 मार्च को निकाय अंतर्गत नगर गौरव दिवस आयोजन करने का निर्णय लिया गया उक्त कार्यवाही हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी को अधिकृत करता हूँ।

सत्य प्रतिलिपि

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद कानड़
जिला आगर मालवा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, कानड़
(जिला आगर मालवा)

प्रशासक
नगर परिषद कानड़
जिला आगर मालवा

CamScanner

भूपेन्द्र सिंह
मंत्री
नगरीय विकास एवं आवास
मध्यप्रदेश

निवास : बी-17, चार इमली, भोपाल
टेलीफैक्स : 0755-2671024, 2671046
मंत्रालय : कक्ष क्रं. बी-419, व.भ.-2
दूरभाष : 0755-2708158
Email : bplministeroffice@gmail.com

पत्र क्रमांक 1502/ मंत्री-न.वि./आ./2021

भोपाल, दिनांक 11/04/2021

प्रति,

1. आयुक्त (समस्त)
नगर पालिक निगम ....,
म0प्र0

2. मुख्य नगर पालिका अधिकारी कानड़
नगर पालिका/ नगर परिषद् .... आगर
म0प्र0

विषयः– "नगर गौरव दिवस" का आयोजन करने बावत।

माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान के नेतृत्व में शासन द्वारा प्रदेश के प्रत्येक नगर में नगरीय निकायों द्वारा निर्धारित किये गए दिवस को **"नगर गौरव दिवस"** मनाने का निर्णय लिया गया है।

सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक गौरव, सुदृढ़ अधोसरंचना, मूलभूत सुविधाओं व बेहतर जीवनशैली के आधार पर प्रदेश के प्रत्येक शहर ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, जिस पर शहर के नागरिकों को गर्व है। नगर के प्रति आत्म गौरव के इस भाव को शहर के प्रत्येक नागरिक में विकसित करने व शहर के चहुँमुखी विकास में नागरिकों की सहभागिता प्राप्त करने हेतु **"नगर गौरव दिवस"** मनाने के संबंध में शासन के पत्र क्रमांक 74/1461/2021/18–1 भोपाल दिनांक 07.01.2022 से समस्त निकायों को दिशा–निर्देश जारी किये गए है।

समस्त निकायों द्वारा उक्त निर्देशों का पालन करते हुए **"नगर गौरव दिवस"**मनाने हेतु दिवस निर्धारित करते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जावे। नगर के प्रबुद्ध जन, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों आदि से विचार विमर्श करते हुए **"नगर गौरव दिवस"** के अवसर पर भव्य एवं गारिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया जावे। इस अवसर पर विशिष्टजन, नगर को सम्मान दिलाने वालो को सम्मानित करने, स्वच्छता संबंधी गतिविधियो से नागरिकों को जोड़ने, गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन करते हुए नागरिकों की सहभागिता प्राप्त की जा सकती है।

अतः माननीय मुख्यमंत्रीजी की मंशा के अनुरूप आपके शहर में **"नगर गौरव दिवस"** का कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें एवं कृत कार्यवाही से अवगत करावें ।

(भूपेन्द्र सिंह)